रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 243] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 12, 2001/भाद्र 21, 1923
No. 243] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 12, 2001/BHADRA 21, 1923

दि इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सेक्रेटरीज आफ इण्डिया

अधिसूचना

नई दिल्ली, 7 सितम्बर, 2001

परिषद् की रिपोर्ट

फा. सं. 104/29/लेखा.—1. प्रस्तावना : इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सेक्रेटरीज आफ इण्डिया की परिषद् कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 18 उपधारा (5) की अपेक्षाओं के अनुरूप 31 मार्च, 2001 को समाप्त इंस्टीट्यूट के कामकाज से संबंधित अपनी 21वीं वार्षिक रिपोर्ट और इसके साथ लेखापरीक्षित लेखा-विवरण एवं इन पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट प्रस्तुत करती है।

2. घटनाएं

2.1 कम्पनी (संशोधन) अधिनियम, 2000

कम्पनी (संशोधन) अधिनियम, 2000 के पारित होने से एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण और मूल्यवान घटना घटी है, जिससे कार्पोरेट शासन, निवेशक सरक्षण और शेयरहोल्डर लोकतत्र का एक नया युग शुरू हो गया है। सशोधन अधिनियम वर्तमान वैश्वीकरण प्रक्रिया के सदभ म उत्पन्न कार्पोरेट क्षेत्र की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप हैं।

विशेष रूप से, कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 383क की उपधारा (1) में शामिल किए गए परन्तुक ने कम्पनी सचिवों के लिए प्रेक्टिस के वास्ते मुख्य क्षेत्र के दरवाजे खोल दिए हैं। इसमे प्रावधान किया गया है कि प्रत्येक वह कम्पनी, जो पूर्णकालिक कम्पनी सचिव नियुक्त नही करती है और जिनकी प्रदत्त शेयर पूंजी दस लाख रूपए या इससे अधिक है, उन्हे रजिस्ट्रार के पास पूर्णकालिक प्रेक्टिसरत सचिव से लेकर यह प्रमाण पत्र दाखिल करना होगा कि कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम के सभी प्रावधानो का अनुपालन किया है और इस प्रमाण पत्र की एक प्रति बोर्ड की रिपोर्ट के साथ सलग्न करनी होगी।

केन्द्र सरकार ने कम्पनी (अनुपालन प्रमाण पत्र) नियम 2001 की अधिसूचना जारी कर दी है जिसमें प्रमाण पत्र का फार्म; कम्पनियों के रजिस्ट्रार को प्रमाण पत्र दाखिल करने की समय-सीमा और कम्पनियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली शर्तें दी गई हैं।

इस प्रमाण की अत्यधिक महत्ता को देखते हुए प्रथम अवसर पर ही इससे लाभ उठाने के विचार से मुख्यालय और क्षेत्रीय परिषदों तथा शाखाओं ने अनेक कार्यक्रमों को आयोजन किया, जिनमे कम्पनी (सशोधन) अधिनियम 2000 के विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा की गई और अनुपालन प्रमाण पत्र की विभिन्न जटिलताओं पर भी विचार विमर्श किया गया।

नव–प्रविष्ट प्रावधान से कम्पनी सचिवो के लिए प्रेक्टिस के बहुप्रतीक्षित प्रमुख क्षेत्र तो खुल गए है, परन्तु साथ ही उनके सामने एक कठिन जिम्मेदारी और चुनौती भी खडी हो गई है कि सरकार, ट्रेड और उद्योग ने उन पर जिस तरह की निष्ठा और विश्वास प्रदर्शित किया है, अब वे उस पर खरा उतर कर दिखाए।

इस प्रसंग मे और प्रेक्टिस के नए क्षेत्र में अत्यधिक सावधानी से अपना कार्य शुरू करन क लिए प्रेक्टिसरत सदस्यो को प्रबुद्ध बनाने की दृष्टि से इस्टीट्यूट ने अनुपालन प्रमाण पत्र के बारे में एक व्यापक गाइडेंस नोट प्रकाशित किया है। इसका विमोचन माननीय कन्द्रीय विधि, न्याय और कम्पनी कार्य तथा जहाजरानी मंत्री श्री अरूण जेतली ने किया। इस प्रकाशन म निर्धारित फार्म के 33 पैराग्राफो म से प्रत्येक के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए पूर्णकालिक प्रेक्टिसरत सचिव के लिए पेरामीटर निर्धारित किए गए हैं, और इसके अलावा अनुपालन प्रमाण पत्र नियमों के बारे मे मार्ग दर्शन दिया है तथा अनुपालन प्रमाण पत्र के नमूने का सुझाव दिया है।

2.2 नया पाठ्य विवरण

इंस्टीट्यूट ने अध्ययन के पाठ्यक्रम के लिए पाठ्य विवरण की पुनः रचना करने के लिए भारी प्रयास किए है ताकि इसे आज के व्यापार जगत के लिए उपयुक्त और सगत बनाया जा सके। कम्पनी कार्य विभाग ने अब इस नए पाठ्य विवरण का स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस प्रकार इस पाठ्यक्रम की विषय सूची सात वर्षों के बाद फिर से चुस्त–दुरूस्त किया गया है, जिसमे नीतिगत पुनश्चर्या और ज्ञान आधारित वातावरण में दिखाई पड़ रहीं वैश्विक घटनाओ की अपेक्षाओं का पर्याप्त ध्यान रखा गया है; इसके लिए सूचना तकनॉलॉजी और आधुनिक युग के व्यापार मे इनके प्रयोग, कार्पोरेट क्षेत्र के सामसामयिक मुद्दो, बौद्धिक सम्पदा, विश्व व्यापार सगठन और अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार आदि जैसे विषयो का समावेश किया गया है जिससे कम्पनी सचिवो की नई पीढी कार्पोरेट क्षेत्र, ट्रेड और उद्योग की सेवा के लिए पहले से कही अधिक विश्वास से तैयार हो सकेगी। नए पाठ्य विवरण से इंस्टीट्यूट व्यवसाय में एक ऐसा अत्यधिक सक्षम कैडर खड़ा किया जा सकेगा जो भावी चुनौतियों का मुकाबला करने मे समर्थ होगा।

2.3 सचिवीय मानक

सचिव मानक बोर्ड का कार्य उन क्षेत्रो का पता लगाना है जिनमें परिषद् द्वारा सचिवीय मानको को जारी करना आवश्यक है, यह बोर्ड इस प्रकार के मानक तैयार करे, इस प्रकार के मानको से उद्भूत मुद्दो को स्पष्ट करे और आई सी एस आई के सदस्यों, कार्पोरेटो तथा अन्य उपभोक्ताओं के लाभ के लिए गाइडेंस नोट जारी करे। प्रारम्भिक वर्षो में सचिवीय मानक सिफारिश के रूप मे होंगे।

एस एस बी ने 'सचिवीय मानको की प्रस्तावना' के लिए एक मसौदा तैयार किया, जिसमें एस एस बी के उद्देश्य, कार्यक्षेत्र और कार्य तथा सचिवीय मानकों को जारी करने के लिए प्रक्रिया एव इनके बारे में अनुपालन की उन अपेक्षाओ को दिया गया है, जो प्रस्तावित 'सचिवीय मानको की प्रस्तावना'का भाग होंगी। इसने प्रस्तावित 'निदेशक मण्डल की बैठको पर सचिवीय मानक' का मसौदा भी तैयार किया है। इस मानक मे प्रक्रियाओं का निर्धारण है जिनके बारे मे आशा की जाती है कि निदेशक मण्डल की बैठके बुलाने और संचालन मे इन प्रक्रियाओ का अनुपालन किया जाएगा। ये दोनों मानक 2001–2002 मे जारी किए जाने सम्भावना है।

2.4 कार्पोरेट शासन और कम्पनी सचिव

इस्टीट्यूट निरन्तर कार्पोरेट शासन के सिद्धातों और सहिता के विकास तथा आगे बढाने में कम्पनी सचिवों की महत्त्पूर्ण भूमिका के बारे मे पता लगाने में सलग्न है। इसके लिए इरटीट्यूट ने 20–21 नवम्बर 2000 को इडिया इंटरनेशनल, नई दिल्ली मे कम्पनी कार्य विभाग द्वारा कामनवेल्थ सेक्रेट्रियेट के आगतुक दल के साथ विचार विमर्श करने के लिए आयोजित कार्यशाला मे कार्पोरेट शासन मे कम्पनी सचिवो की भूमिका के बारे में अत्यंत प्रभावशाली प्रस्तुति पेश की थी।

2.5 आई सी एस आई, आई सी ए आई और आई सी डब्ल्यू ए आई के बीच सहमति पत्र

भारत मे तीन प्रमुख व्यावसायिक निकायो – अर्थात् आई सी एस आई, आई सी ए आई और आई सी डब्ल्यू ए आई के बीच 20 अक्तूबर 2000 को तीनो इस्टीट्यूटों के अध्यक्षों ने एक ऐतिहासिक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए थे।

सहमति पत्र मे तीन इंस्टीट्यूटो के बीच सहयोगी सबध स्थापित करने का प्रयास किया है ताकि ये इस्टीट्यूट अपने अपने व्यवसायों की छवि को सुधारने मे मदद देने और अपनी सामूहिक सामर्थ्य बढाने के लिए कार्य कर सके। इन इंस्टीट्यूटो की सामूहिक समर्थताओ से व्यापार की और सामयिक आवश्यकताओ एवं आशाओं को पूरा करने के लिए बेहतर शासन के वास्ते सर्वोत्कृष्ट पद्धतियो को निरन्तर विकसित और प्रसारित करने में मदद मिलेगी।

2.6 व्यावसायिक विकास, अनवरत शिक्षा और भागीदारी प्रमाण पत्र कार्यक्रम

व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों और इसी प्रकार की अन्य गतिविधियों के माध्यम से इंस्टीट्यूट अपने सदस्यों को अनवरत शिक्षा प्रदान करने का प्रयास करता है ताकि कार्पोरेट और व्यापार मामलों से सबंधित हो रहे दूरगामी और बार बार हो रहे परिवर्तनो के परिप्रेक्ष्य में उनका ज्ञान अद्यतन बनाया जाए। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए समीक्षाधीन वर्ष मे दस व्यावसायिक, अनवरत शिक्षा और भागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए गए, इनके अलावा कम्पनी सचिवो का 28वा राष्ट्रीय सम्मेलन और 5वा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवो का दूसरा राष्ट्रीय सम्मेलन भी आयोजित किया गया। सचालित कार्यक्रमों का विवरण परिशिष्ट 'क' मे दिया गया है।

2.7 28वां राष्ट्रीय सम्मेलन और 5वां अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन

28वा राष्ट्रीय सम्मेलन और 5वां अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन 8–9–10 सितम्बर, 2000 को कोलकाता मे "दूसरे चरण के सुधार और इसके बाद–एक अन्तर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य" विषय पर आयोजित किया गया।

सम्मेलन मे प्राप्त लेखो की दृष्टि से और सरकार मे नीति और निर्णयकर्ताओं, कार्पोरेट कम्पनियों, वित्तीय तथा बैंकिग सस्थानो, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमो अकादमिक और गैर–सरकारी सगठनो आदि विभिन्न वर्गों की भारी उपस्थिति दोनो रूपो मे यह सम्मेलन सर्वोकृष्ट रहा। इस उत्साहवर्धक प्रतिक्रिया के फलस्वरूप दूसरे चरण और बाद के सुधार करने की प्रक्रिया के बारे मे विचारो और ज्ञान का अथाह भण्डार सग्रहीत हो सका। सम्मेलन के बाद कार्रवाई करने, विशेष रूप से उन लोगों के लिए, जो इस सम्मेलन में उपस्थित नही हो सके, उनके लाभ के लिए इंस्टीट्यूट ने 'सेकेण्ड जेनरेशन रिफार्म्स एंड बियोड–एन इटरनेशन पर्सपेक्टिव' नाम से एक पुस्तक का प्रकाशन किया, जिसमे सम्मेलन की कार्यवाही और प्रतिष्ठित वक्ताओ के भाषण, पायलट पेपर्स और विशेषज्ञों द्वारा इस विषय पर रखी प्रस्तुतियो को शामिल किया गया है। इस पुस्तक का विमोचन करते हुए भारत सरकार के माननीय विधि, न्याय और कम्पनी कार्य एव जहाजरानी मत्री, श्री अरूण जेटली ने बहुत ही आकर्षक रूप में कार्यवाही प्रकाशित करने पर इंस्टीट्यूट के प्रयासो की सराहना की।

2.8 पश्च सदस्यता अर्हता

31 मार्च 2001 को पश्च सदस्यता अर्हता (पीएमक्यू) पाठ्यक्रम के लिए इस्टीट्यूट के 354 सदस्य पजीकृत थे। सातवी परीक्षा जून 2000 मे और आठवीं परीक्षा दिसम्बर 2000 मे आयोजित की गई है।

2.9 कम्प्यूटरीकरण और सूचना तकनॉलॉजी

वर्ष 2000–2001 मे इस्टीट्यूट की वेब साइट के जरिए सेवाएं प्रदान करने पर जोर दिया गया। इस्टीट्यूट की उत्तरी क्षेत्रीय परिषद् म नटवर्क की सुविधा प्रदान की गई, जिसके लिए एक नया सर्वर सस्थापित गया।

हार्डवेयर सुविधाओ को उच्चश्रेणी का बनाया गया ताकि विभिन्न निदेशालयो की आपात्कालीन आवश्यकताए पूरी की जा सके। इस्टीट्यूट की ई–मेलिग प्रणाली को सुधारने के लिए और वेबसाइट अनुरक्षण के लिए अपेक्षतया कारगर मच तैयार करने के लिए एक नया विडोज–एनटी मेल सर्वर लगाया गया।

इस वर्ष साफ्टवेयर विकास और अनुरक्षण मे विशेष उपलब्धिया प्राप्त की गई, जिनमे साफ्टवेयर इन–हाउस इटरनेट और इटरनेट सबधी गतिविधियो को मजबूत करना भी शामिल है। इस्टीट्यूट के कर्मचारियो को बुनियादी और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण भी दिया गया।

3. परिषद

3.1 अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

राष्ट्रव्यापी डाक हडताल के कारण परिषद और क्षेत्रीय परिषद के चुनावो के परिणामों मे घोषणा में देर हो जाने के कारण इस्टीट्यूट का नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनावा को आगे बढाने पर मजबूर होना पडा। परिषद की 123 वी बैठक 19 जनवरी 2001 को हुई जिसमे 19 जनवरी 2001 से एक वर्ष के लिए दक्षिणी क्षेत्र के डॉ0 पी वी एस. जगन मोहन राव को अध्यक्ष और पूर्वी क्षेत्र के श्री एस. गगोपाध्याय का उपाध्यक्ष चुना गया।

3.2 परिषद् की बैठकें

समिति की विभिन्न बैठको के अलावा परिषद ने इस वर्ष के दौरान 6 बैठके आयोजित कीं।

3.3 समितियों का गठन

परिषद द्वारा गठित विभिन्न स्थायी और अस्थायी समितियो, विशेषज्ञ ग्रुपो ओर परामर्शी बोर्डो का विवरण इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ख' मे दिया गया है।

4. क्षेत्रीय परिषदें और शाखायें

4.1 क्षेत्रीय परिषदें

चारो क्षेत्रीय परिषदो ने बडे उत्साह और जोश से अपनी गतिविधिया और कामकाज को चला कर परिषद को अपना समर्थन और सहायता देना जारी रखा। क्षेत्रीय परिषदो ने कैरियर मेले, फोन–इन कार्यक्रमो, सेमिनारो और कार्यशालाओ, एस. एम. टी कार्यक्रमो, मौखिक शिक्षण कक्षाओ, विद्यार्थी मार्गनिर्देशी बैठको, अध्ययन सर्किल कक्षाओ और क्षेत्रीय सम्मेलनो का आयोजन किया। ये परिषदे पुस्तकालयो को भी व्यापक रूप से अद्यतन रखने, समाचार–बुलेटिन प्रकाशित करने और आकडे रखते हुए रोजगार सेवाए प्रदान करने, सदस्यो/विद्यार्थियो को जानकारी देने, इस्टीट्यूट के प्रकाशनो की बिक्री करने का काम भी कर रही हैं। 31 मार्च 2001 को प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद की रिजर्व/ अधिशेष राशि तथा सदस्यो और विद्यार्थियो की संख्या नीचे दी गई है:

मद	पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद	उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद	दक्षिणी भारत क्षेत्रीय परिषद	पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद
31 3 2001 को सामान्य रिजर्व (रु0)	549765	4701027	752969	272405
वित्तीय स्थिति:				
अधिशेष (+) घाटा (–)2000–2001 रू0	(–) 186888	1101939	236059	472161
नियमित विद्यार्थियो की सख्या				
31–3–2001 को	20147	42565	28387	31925
31–03 2000 को	23395	50687	32019	35499
2000–2001 के दौरान वृद्धि / कमी का प्रतिशत	(–)13.88	(–)16.02	(–)11.34	(–)10.07
फाउंडेशन पाठ्यक्रम के विद्यार्थियो की संख्या				
31 मार्च 2001 को	4372	12782	5003	7560
31 मार्च 2000 को	5690	17751	6493	9179
2000–2001 के दौरान वृद्धि / कमी का प्रतिशत	(–) 23.16	(–) 27.99	(–) 22.95	(–) 17 64
सदस्यों की सख्या				
31 मार्च 2001 को	1548	3889	3484	4536
31 मार्च 2000 को	1490	3544	3321	4337
2000–2001 के दौरान वृद्धि / कमी का प्रतिशत	(+)3.89	(+)9.73	(+)4.91	(+)4 59

4.2 शाखायें

2000–2001 के दौरान इस्टीट्यूट की सभी 36 शाखाओ की प्रबध समितियो का पुनर्गठन कपनी सचिव विनियमावली, 1982 तथा सचिव शाखाओ की मार्ग–निर्देशिका 1983 के अनुसार किया गया। इस वर्ष के दौरान शाखाओ ने विद्यार्थियो को शिक्षण, मौखिक शिक्षण और प्रशिक्षण देने तथा सदस्यो के लिए व्यावसायिक विकास कार्यक्रम आयोजित करने की अनेक गतिविधिया सपन्न की।

आज तक जिन शाखाओं के अपने कार्यस्थल है उनके नाम इस प्रकार हैं.– अहमदाबाद, बगलौर, भोपाल, कोचीन, डोम्बीवली, गाजियाबाद, गोआ, हैदराबाद, इन्दौर, जयपुर, कानपुर, मदुरई, मगलौर, पुणे और वडोदरा।

4.3 सर्वोत्तम शाखा पुरस्कार

वर्ष 1999 के सर्वोत्तम शाखा पुरस्कार कोलकाता मे आयोजित 28 वे राष्ट्रीय सम्मेलन और पाचवे अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र मे निम्नलिखित शाखाओ को दिये गये:

सर्वोत्तम राष्ट्रीय शाखा पुररकार हैदराबाद

श्रेणी–क्रम में सर्वोत्तम क्षेत्रीय शाखायें

'ए' : अहमदाबाद और बगलौर (सयुक्त विजेता)

'बी' : जयपुर

'सी' : भुवनेश्वर

'डी' : मदुरई

'ई' : गुवाहाटी

4.4 सैटेलाइट शाखाएं

2000–2001 के अत मे निम्नलिखित स्थानो पर 19 सैटेलाइट शाखाए हैं।

उत्तर – आगरा, इलाहाबाद, बरेली, ब्यावर, भीलवाडा, देहरादून, गुडगाव, जम्मू, जोधपुर, मेरठ, वाराणसी, और यमुना नगर,

दक्षिण – हुबली–धारवाड़, कोट्टयम, सेलम, त्रिचुर, और विजयवाड़ा,

पश्चिम – नासिक और रायपुर

देहरादून, जम्मू और सेलम सेटेलाइट शाखाएं वर्ष 2000–2001 में स्थापित की गईं।

इस्टीट्यूट की सैटेलाइट शाखाओं में अध्ययन सामग्री, अनुसंधान प्रकाशन, चार्टर्ड सेक्रेटरी जर्नल, स्टूडेण्ट कम्पनी सेक्रेटरी बुलेटिन और सभी क्षेत्रीय परिषदों के न्यूज़ बुलेटिन तथा इंस्टीट्यूट के अन्य प्रकाशन उपलब्ध है।

4.5 कार्पोरेट अनुसंधान और प्रशिक्षण केन्द्र (सी सी आर टी)

4.5.1 ध्येय, परिकल्पना और रणनीति

आई सी एस आई – सी सी आर टी का समग्र रूप से ध्येय और उद्देश्य कार्पोरेट क्षेत्र को उत्कृष्ट बनाने के लिए पोषणीय आधार पर मुख्य रूप से उत्कृष्ट प्रकार के कार्पोरेट व्यावसायिकों का सृजन और विकास करना रहा है और इस प्रकार भारत को एक महानतम आर्थिक शक्ति के रूप में परिणत करने मे अपना योगदान देना है जिसके लिए केन्द्र ने इस वर्ष के दौरान निम्नलिखित रणनीति/गतिविधिया की

- उच्च प्रशिक्षण के माध्यम से कम्पनी सचिवों, एक्जीक्युटिवों तथा अन्य व्यावसायिको की व्यावसायिक क्षमता तथा कैरियर सभावनाओं का विकास करना, नए/अनुसधान आधारित ज्ञान की पूर्ति, नवीनतम व्यावसायिक पद्धतियों, डिस्टेंस एजुकेशन, इंटरएक्टिव/सेल्फ लर्निंग के लिए इलेक्ट्रानिक कोचिग प्रदान करना।
- कार्पोरेट शासन/उत्कृष्टता के लिए एक केन्द्र के रूप में कार्य करना ताकि विश्व में स्वीकृत संभावनाओं, निर्देशों, मानकों और पद्धतियों का विकास पोषणीय कार्पोरेट संस्कृति तथा उत्कृष्टता के लिए किया जा सके।
- आधुनिक और उच्च कार्यप्रणाली के माध्यम से कार्पोरेट क्षेत्र की विभिन्न विधाओं में निवासीय और अनिवासीय दोनों प्रकार की संगोष्ठियो, कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमो की रूपरेखा तैयार करना और सचालन करना।
- उच्च ज्ञान, नीति निर्माण आदि के लिए उपयुक्त नव ज्ञान सृजन और वृद्धि करने के लिए मूल तथा समसामयिक अनुप्रयुक्त अनुसंधान को प्रोत्साहित करना।
- अच्छे किस्म के अनुसंधान, उच्च ज्ञान और कार्पोरेट शासन आदि की सुविधा के लिए अनुसधानकर्ताओं, प्रशिक्षको, व्यावसायिकों, निदेशको और विशिष्ट सस्थानों की एक डायरेक्ट्री/डाटा बैंक तैयार करना ताकि सरकारी और गैर सरकारी कम्पनियो/निकायों दोनों मे कार्पोरेट उत्कृष्टता लाई जा सके।
- विदेशी सस्थानों से सहयोग करना, अनुसधान पत्र/साहित्य/परामर्शी पत्रो का प्रकाशन तथा व्यावसायिक परामर्श प्रदान करना एव कार्पोरेट डायग्नोस्टिक स्टडीज, फील्ड सर्वेक्षण तथा डाटा–बेस सेवाओ को हाथ मे लेना।

4.5.2 प्रशिक्षण संबंधी गतिविधियां

पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद् के साथ मिल कर निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए:

1) सचिवीय अनुपालन प्रमाण पत्र
2) अनुपालन प्रमाण पत्र पर राष्ट्रीय कार्यशाला
3) कम्पनी सचिवों की प्रशिक्षण आवश्यकताओ के बारे में ज्ञान–वर्धक बैठक

इस केन्द्र ने हिन्दुस्तान लीवर लि0, ए बी बी लेंजोल्म सर्विसेज लि0, इण्डियन आयल टैकिंग लि0, विलेट (आई) प्रा0 लि0, वार्टसिला लि0, सेन्ट्रल बैक आफ इण्डिया, ग्लोबल ट्रस्ट बैक लि0, स्माल इंडस्ट्रीज डेवलेमेट बैक आफ इण्डिया, स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन आफ इण्डिया लि0, इन्वेस्टर्स सर्विसेज आफ इण्डिया लि0, इण्डियन इंस्टीट्यूट आफ इडस्ट्रियल इजीनियरिंग, महाराष्ट्र सेन्टर फार एंट्राप्रीन्योरशिप डेवलेपमेट, भारतीय विद्यापीठ आदि अन्य कार्पोरेट निकायों/संस्थानो द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ निकट सहयोग किया।

4.5.3 सम्मेलन और कार्यशालाएं

इस वर्ष जिन कुछ राष्ट्रीय स्तर के महत्त्वपूर्ण सम्मेलनो/कार्यशालाओं का आयोजन किया, वे इस प्रकार हैं

- कार्पोरेट क्षेत्र अनुसंधान – 2000 विषय पर सम्मेलन (21 मई 2000)
- भारत और विदेशो मे कार्पोरेट शासन पद्धतिया – भारत की संस्थिति और सबक विषय पर कार्यशाला (20 अगस्त 2000)
- कार्पोरेट शासन के माध्यम से कार्पोरेट उत्कृष्टता – समसामयिक पद्धतियां और पूर्वानुमान (16 दिसम्बर 2000)

4.5.4 अनुसंधान संबंधी गतिविधियां

इस केन्द्र ने अनेक अनुसधान परियोजनाए चलाई है, जिनमें से कुछ कमीशड परियोजनाएं है जो कार्यान्वयन के विभिन्न चरणो मे है।

कुछ प्रमुख अनुसंधान प्रस्तावों में प्रतिस्पर्धा नीति, कार्पोरेट शासन की सभी शाखा–प्रशाखाएं, विलय और अधिग्रहरण आदि जैसे विषय शामिल हैं।

इसके अलावा सी सी आर टी ने 130.00 लाख रूपए की अनुमानित लागत से एक समाशोधन गृह–व–सूचना केन्द्र स्थापित करने के लिए भी एक प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव को पहले ही योजना आयोग और आई डी बी आई को साहचर्य आधार पर संभावित धन व्यवस्था के लिए प्रस्तुत किया जा चुका है।

4.5.5 प्रकाशन

सी सी आर टी ने निम्नलिखित ग्रन्थों का प्रकाशन किया जिनमे प्रशिक्षण संबंधी पृष्ठभूमि और अनुसंधान संबंधी संग्रहों को शामिल करते हुए सम्मेलनों/कार्यशालाओं संबंधी पृष्ठभूमि पेपरों, प्रस्तुतियों और कार्यवाहियों को भी समाहित किया गया है :

- बैंक ग्राउंडर आन कस्टम एड सेन्ट्रल एक्साइज
- बैंक ग्राउडर आन कार्पोरेट रिस्क मेनेजमेंट एंड इश्युरेंस
- बैक ग्राउडर आन इन्टराप्रिन्योरशिप डेवलेपमेंट
- बैंक ग्राउंडर आन इन्टराप्रिन्योरशिप – कार्पोरेट सक्सेस स्टोरीज
- कपेण्डियम आन कार्पोरेट सेक्टर रिसर्च – 2000
- कार्पोरेट गवर्नेंस प्रेक्टिसेज इन इण्डिया एड एब्रोड
- कोर्पोरेट एक्सीलेंस थ्रू कार्पोरेट गवर्नेस

45.6 सी सी आर टी में उपलब्ध पुस्तकालय सुविधा

पुस्तकालय को और भी आधुनिक तथा अद्यतन बनाया गया है ताकि इसमें और अधिक पुस्तके एवं पत्र–पत्रिकाएं आ सकें। पुस्तकालय तथा अनुसंधानकर्ताओं की भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए उपलब्ध खुली अलमारियों में शीशे के दरवाजे लगाए गए है और आवश्यक फर्नीचर, कम्प्यूटर, संदर्भ और अनुसंधान सामग्री की व्यवस्था की गई है। अब तक पुस्तकालय में 2000 से अधिक पुस्तके सग्रहीत हो गई हैं, जिनमें से अधिकांशतः हाल के प्रकाशन है और अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं, इसके अलावा पूरी तरह से सुसज्जित आडियो–विजुअल लाइब्रेरी है, जिसके साथ इंटरनेट सर्फिंग सेन्टर भी है, एवं टेलीविजन और जेरोक्स मशीन भी लगाई गई है। एक कस्टम–मेड कम्प्यूटराइज्ड साफ्टवेयर पैकेज के जरिए सभी पुस्तकें और जर्नल सदस्यों को उपलब्ध है।

5. सदस्य

5.1 नए प्रवेश

2000–2001 वर्ष मे 838 एसोसिएट सदस्य तथा 276 फैलो सदस्यो को प्रविष्ट किया गया। 31 मार्च 2001 को इंस्टीट्यूट के रजिस्टर मे 13457 सदस्य दर्ज थे, जिनमें से 9797 एसोसिएट और 3660 फैलो सदस्य थे। 31 मार्च 2001 को विदेशो मे रहने वाले सदस्यों की सख्या 270 थी। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान परिषद को 23 सदस्यो की मृत्यु की सूचना देते हुए दुख है।

2000–2001 वर्ष में 374 सदस्यों को प्रेक्टिस प्रमाण पत्र जारी किए गए। 31 मार्च 2001 को प्रेक्टिस प्रमाणपत्रधारियो की सख्या 1512 थी।

5.2 सदस्यों की सूची

कम्पनी सचिव विनियमावली 1982 के साथ पठित कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 19(3) के अनुसरण में 1 अप्रैल 2000 की स्थिति के अनुसार सदस्यों की सूची प्रकाशित की गई है जिसमें कुछ अतिरिक्त सूचनाए दी गई हैं--जैसे सदस्यो के व्यावसायिक निवास के पते, जन्म की तारीख, टेलीफोन नम्बर, फैक्स नम्बर सेल्युलर नम्बर, पेजर नम्बर। सदस्यों को यह सूची उनके अनुरोध पर सप्लाई की गई है। सूची में अतिरिक्त सूचनाए दी गई हैं ताकि सदस्यों के बीच बेहतर सचार और सलाह मशविरा हो सके। सदस्यो तथा अन्य लोगो के प्रयोग के लिए इसी की क्षेत्रवार सूची भी कम्प्यूटर फ्लापी में तैयार की गई है। इसके अलावा सदस्यों की सूची, मतदाता सूची भी चुनाव--2000 के दौरान प्रकाशित की गई।

5.3 चुनाव

केन्द्रीय परिषद् और चार क्षेत्रीय परिषदों के चुनाव सफलतापूर्वक दिसम्बर 2000 मे सम्पन्न हुए और इसके परिणाम 4,5, और 6 जनवरी 2001 को अधिसूचित किए गए। केन्द्रीय परिषद् की कुल 12 सीटो के लिए 25 सदस्यो ने तथा चार क्षेत्रीय परिषदों की 37 सीटो के लिए 82 उम्मीदवारो ने चुनाव लडा।

श्री एन एस वालिया, अवर सचिव राज्य सभा सचिवालय के नेतृत्व मे बनाई गई टीम ने वोटो की गिनती की।

5.4 कम्पनी सचिव अधिनियम 1980 और कम्पनी सचिव विनियम 1982 में संशोधन

पाठ्य विवरण में परिवर्तनों और प्रशिक्षण की आवश्यकताओ को प्रभावी बनाने के लिए कम्पनी सचिव विनियम 1982 मे संशोधनो को केन्द्र सरकार की अन्तिम स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया गया। कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 मे भी तीन इस्टीट्यूट अर्थात् आई सी एस आई, आई सी ए आई और आई सी डब्ल्यू ए आई के लिए समान सहिता बनाने के लिए और सदस्यता शुल्क में वृद्धि के लिए सशोधनों का प्रस्ताव किया गया है। केन्द्र सरकार अधिनियम मे सशोधन करने पर सक्रियता से विचार कर रही है।

6 चार्टर्ड सेक्रेटरी

इंस्टीट्यूट से औपचारिक पत्रिका 'चार्टर्ड सेक्रेटरी' का प्रकाशन 1971 से हो रहा है और जनवरी 2001अंक के प्रकाशन के साथ इसका प्रकाशन 31वे वर्ष मे प्रवेश कर गया है। यह पत्रिका कम्पनी सचिवों के कार्यों के क्षेत्रो से जुडे मामलो में अद्यतन जानकारी देने के अपने ध्येय पर निरन्तर चल रही है। इसे सर्वोत्कृष्ट व्यावसायिक जर्नलों में माना जाता है, इसे विभिन्न स्थानों से, चाहे वह उद्योग, ट्रेड, वाणिज्य हो या फिर अन्य व्यावसायिक हो, सराहना प्राप्त हुई है और इसे समसामयिक विषयों पर ज्ञानवर्धक लेखो के उत्कृष्ट प्रकाशन, सरकारी अधिसूचनाओ, कानूनी निर्णयो आदि की त्वरित जानकारी देने वाली उत्कृष्ट पत्रिकाओं में स्वीकार किया गया है। समीक्षाधीन वर्ष मे केन्द्रीय बजट (अप्रैल 2000), साइबर लॉज/ई–कामर्स/आई टी स्पेशल (अगस्त 2000), प्रेक्टिसिग कम्पनी सेक्रेटरीज स्पेशल (नवम्बर 2000) और म्युचुअल फंड स्पेशल (दिसम्बर 2000) विशेषाक प्रकाशित किए गए, जिनका कार्पोरेट क्षेत्र मे हर तरफ स्वागत और सराहना हुई। यह पत्रिका पुनर्गठित सम्पादकीय सलाहकार बोर्ड के मार्ग दर्शन और परामर्श से त्वरित रूप से और अच्छे किस्म की सूचनाए देने की व्यवस्था कायम किए हुए है।

7 विद्यार्थी सेवाएं

7.1 नियमित पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण

आज के विद्यार्थी कल के सदस्य होंगे जिनके हाथो मे व्यवसाय की बागडोर होगी। इस्टीट्यूट ने सदैव ही विद्यार्थियों को इसी परिप्रेक्ष्य मे देखा है और उन्हें यथा सम्भव अच्छे से अच्छे किस्म की अकादमिक और प्रशासनिक सेवाएं प्रदान करने की कोशिश की है। 2000–2001 के दौरान 16071 विद्यार्थियो ने पंजीकरण कराया जबकि पिछले वर्ष 18421 विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ था। 31–03–2001 को विद्यार्थियों की चालू पंजीकरण संख्या 123024 है, जिनमे वे 809 विद्यार्थी शामिल हैं, जिनका पजीकरण विनियम 21(3) के अधीन किया गया।

7.2 फाउंडेशन पाठ्यक्रम में प्रवेश

रिपोर्टाधीन वर्ष में फाउण्डेशन पाठ्यक्रम मे 8315 विधार्थियों को प्रवेश दिया गया, जबकि पिछले वर्ष 11121 विद्यार्थियो को प्रवेश दिया था।

7.3 शिक्षण

इस वर्ष में फाउंडेशन पाठ्यक्रम तथा अन्य नियमित पाठ्यक्रमों में जिन विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया, उन सभी के नाम अनिवार्यत डाक शिक्षण के लिए भी दर्ज किए गए और उन्हें अध्ययन सामग्री दी गई। इस वर्ष शिक्षण समाप्ति पर 22165 प्रमाण पत्र जारी किए गए और फाउडेशन इंटरमीडिएट और फाइनल पाठ्यक्रम के लिए प्राप्त सभी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्याकन किया गया तथा विद्यार्थियों को वापस की गईं।

7.4 स्टूडेंट कम्पनी सेक्रेटरी

इस्टीट्यूट कम्पनी सचिव पाठ्यक्रम का अध्ययन करने वाले विधार्थियो के लाभ के लिए नियमपूर्वक अपना मासिक बुलेटिन 'स्टूडेंट कम्पनी सेक्रेटरी' प्रकाशित करता है जिसमें उन्हे सभी अकादमिक और प्रशासनिक सूचनाएं दी जाती हैं जो कारगर ढंग से कम्पनी सचिवीय पाठ्यक्रम के अध्ययन के लिए उनके लिए आवश्यक होती हैं।

7.5 कम्पनी सचिव फाउंडेशन पाठ्यक्रम बुलेटिन

फाउंडेशन पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियो की आवश्यकता पूरी करने के लिए भी, इंस्टीट्यूट एक द्विमासिक बुलेटिन 'कम्पनी सचिव फाउंडेशन पाठ्यक्रम बुलेटिन' नियमपूर्वक प्रकाशित करता है जिसे सभी वर्तमान/सक्रिय विद्यार्थियों को नि शुल्क भेजा जाता है।

7.6 लाइसेंसधारी – आई सी एस आई

रिपोर्टाधीन अवधि मे इंस्टीट्यूट में 399 लाइसेंसधारी–आई सी एस आई प्रविष्ट किए गए। 31.3.2001 को लाइसेसधारिता के लिए जितने आई सी एस आई लाइसेसधारी वैध थे, उनकी संख्या 722 थी।

7.7 आई सी एस आई – आई सी एस ए के बीच सहमति ज्ञापन पर कार्रवाई

समीक्षाधीन वर्ष में इंस्टीट्यूट ने अपने सदस्यो के लिए जून और दिसम्बर 2000 में आई सी एस ए परीक्षाओं के दो सत्र सम्पन्न किए है।

समीक्षाधीन वर्ष में इंस्टीट्यूट के 31 सदस्यों ने आई सी एस ए की परीक्षाए उत्तीर्ण की जिनमे से 16 सदस्य योग्यता (मेरिट) के साथ उत्तीर्ण हुए और 3 सदस्यों को डिस्टिकशन मिली। श्री परितोष देब को जून 2000 में आयोजित आई सी एस ए की परीक्षा में 'कार्पोरेट लॉ' मे सर्वश्रेष्ठ परीक्षा पत्र के लिए जे एफ क्लार्क पुरस्कार मिला है।

7.8 विद्यार्थी सेवाओं का कम्प्यूटरीकरण

विद्यार्थियो से सबंधित अधिकाश गतिविधियों को कम्प्यूटरीकरण के प्रथम चरण में कम्प्यूटरीकृत किया जा चुका है। इन–हाउस कम्प्यूटरीकरण के दूसरे चरण मे कम्प्यूटर प्रणाली के जरिए राष्ट्रीय मुख्यालय के साथ क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयो की नेटवर्किंग कर दी जाएगी। विद्यार्थी सेवाओ सबंधी सभी महत्त्वपूर्ण सूचनाएं इंस्टीट्यूट के वेब साइट पर डाल दी गई हैं और इन्हे निरन्तर अद्यतन किया जा रहा है। इस्टीट्यूट अपने विद्यार्थियों को बेहतर, कुशल और किफायती सेवाएं देने के लिए ई–मेल प्रणाली का व्यापक प्रयोग कर रहा है।

8 परीक्षाएं

8.1 परीक्षाओं का आयोजन

परिषद की परीक्षा समिति ने परीक्षाओं के स्तर को बनाए रखने के लिए पूरे वर्ष अथक प्रयास किए। 2000–2001 के दौरान जून और दिसबर 2000 में देश भर में 51 केन्द्रों पर और एक केन्द्र विदेश (दुबई) में कम्पनी सचिवों की फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षायें आयोजित की गईं। जून और दिसम्बर 2000 की परीक्षाओ में बैठने के लिए क्रमश: 36235 और 31882 विद्यार्थियों ने नाम दर्ज कराए। 2000–2001 के दौरान विभिन्न परीक्षाओ में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियो की संख्या इस प्रकार है:

	परीक्षा सत्र	
परीक्षा–स्तर	**जून 2000**	**दिसंबर 2000**
फाउडेशन	1515	839
इटरमीडिएट	1334	1054
फाइनल	599	752

परीक्षा केन्द्रो की सूची और परीक्षा परिणामों के आकडे क्रमशः इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ग' और 'घ' में दिए गए है ।

8.2 पश्च सदस्यता अर्हता(पी.एम क्यू.) परीक्षा का आयोजन जून 2000 और दिसम्बर 2000 में 8 केन्द्रो–अर्थात्–अहमदाबाद, बंगलौर, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, मुम्बई और पुणे में हुआ। पी एम क्यू. परीक्षा परिणामों के आंकडे इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ड' में दिए गए है।

8.3 अखिल भारतीय पुरस्कार

जून और दिसबर 2000 की परीक्षाओं के लिए प्रेजीडेंट के अखिल भारतीय पुरस्कार निम्नलिखित विद्यार्थियो को दिये गये:

पाठ्यक्रम	**जून 1999**	**केन्द्र**
इटरमीडिएट	नितिन गर्ग	कोलकाता
फाइनल	श्याम सुन्दर द्वारकानी	कोलकाता
पाठ्यक्रम	**दिसंबर 2000**	**केन्द्र**
इटरमीडिएट	सुश्री गौरी विजय भूलेस्कर	मुम्बई
फाइनल	सुश्री सकलिता सुभाष केडिया	मुम्बई

प0 नेहरू जन्म शताब्दी वार्षिक पुरस्कार कोलकाता के श्री श्याम सुन्दर द्वारनी जी ने जीता। पुरस्कार विजेताओं के नाम तथा अखिल भारतीय पुरस्कार योजनाओं तथा क्षेत्रीय पुरस्कार योजनाओं के ब्यौरे 'स्टूडेंट कम्पनी सेक्रेटरी' और 'सी एस फाउण्डेशन कोर्स' बुलटिनो मे प्रकाशित किये गए।

8.4 योग्यता प्रमाणपत्र / योग्यता छात्रवृत्तियां / वित्तीय सहायता

क्रमश जून और दिसबर 2000 सत्रो की फाउंडेशन और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के प्रथम सर्वोच्च 25 रैंक पाने वाले तथा फाइनल परीक्षा मे सर्वोच्च 10 रैंक पाने वाले परीक्षार्थिओ को योग्यता प्रमाण दिए गए।

योग्यता छात्रवृति योजना के अधीन जून और दिसबर 2000 सत्रों में सर्वोच्च प्रथम 15 रैंक पाने वालो को छात्रवृत्तियां दी गईं। इसी प्रकार योग्यता–व–साधन सहायता योजना के अधीन सुपात्र विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता दी गई।

9 प्रशिक्षण

9.1 प्रबंधन / प्रशिक्षु प्रशिक्षण के बारे में समुचित पुन श्चर्या के लिए इस्टीट्यूट की परिषद् ने प्रबधन / प्रशिक्षु प्रशिक्षण आरम्भ करने से पूर्व विद्यार्थियों के लिए ट्रेनिग ओरियेण्टेशन प्रोग्राम (टीओपी) शुरू किया है। इस तरह का (टीओपी) प्रथम कार्यक्रम उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् ने 28.08.2000 से 01.09.2000 तक आयोजित किया जिसमे 27 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। अब निर्णय लिया गया है कि सभी चार क्षेत्रीय परिषदों को छह महीने मे कम से कम एक बार इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए।

9.2 कम्पनियों का पैनल

2000–2001 वित्त वर्ष मे प्रबन्धन प्रशिक्षण देने के लिए 183 कम्पनियो का पैनल बनाया और व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए 136

कम्पनियो को पैनल पर रखा। उक्त अवधि मे 80 कम्पनियों की प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्रदान करने की सूची बनाई। प्रबधन और व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए 31.3.2001 को पैनल पर क्रमशः 2066 और 2227 कम्पनिया थी। इसी प्रकार 31 3.2001 को प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्रदान करने वाली 544 कम्पनियां थी। वित्त वर्ष के दौरान प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कम्पनियों की संख्या में वृद्धि करने पर ही जोर नही दिया गया, बल्कि कम्पनियो द्वारा जो प्रशिक्षण दिया जाता है उसकी गुणवत्ता को सुधारने का प्रयास भी किया गया।

9.3 प्रशिक्षण प्रदान करना

2000–2001 के दौरान 420 विद्यार्थियों को प्रबधन प्रशिक्षण प्रदान किया गया, 638 विद्यार्थियों ने व्यावहारिक प्रशिक्षण पूरा किया और प्रशिक्षु प्रशिक्षण पूरा करने वाले विद्यार्थियों की सख्या 140 थी।

9.4 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम

वित्त वर्ष 2000–2001 के दौरान क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं ने 28 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रमों (एसएमटीपी) का आयोजन किया और 963 विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक एस एम टी पी पूरा किया।

10. सार्वजनिक संबंध और नियोजन

10.1 सार्वजनिक संबंध

कम्पनी सचिवीय पाठ्यक्रम के प्रति जागरूकता पैदा करने और व्यवसाय को और अधिक लोगो के सामने लोकप्रियता बढाने के विचार से इस्टीट्यूट ने प्रिट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से छवि निर्माण की अनेक प्रमुख गतिविधियों का आयोजन बडी सफलतापूर्वक किया है; उक्त मीडिया ने वर्ष 2000–2001 में कम्पनी सचिवों के लिए ब्रांड ईक्विटी बनाने का काम जारी रखा।

10.2 दूरदर्शन/आकाशवाणी पर कम्पनी सचिव संबंधी कार्यक्रम

पूरे वर्ष भर दूरदर्शन/आकाशवाणी पर कम्पनी सचिवीय पाठ्यक्रम पर अनेकानेक फोन–इन–प्रोग्राम प्रचारित/प्रसारित किए गए। कम्पनी सचिवो के व्यवसाय पर चर्चा आधारित अनेक साक्षात्कार स्टार प्लस, जैन टीवी, पंजाबी तारा और दूरदर्शन के समाचार चैनल पर प्रसारित हुए, जिससे पूरे भारत में कम्पनी सचिव पाठ्यक्रम का व्यापक प्रचार हुआ।

10.3 समाचार पत्रों में कैरियर फीचर्स

कम्पनी सचिव पाठ्यक्रम के बारे में विद्यार्थी समुदाय को अवगत कराने के लिए अनेक समाचार पत्रों मे कैरियर फीचर्स का आयोजन किया गया, जिन्हे पूरे रगीन पृष्ठ में छापा गया, ये प्रमुख राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रो के विभिन्न संस्करणो मे प्रकाशित हुए, जिनमे हिन्दुस्तान टाइम्स, राष्ट्रीय सहारा, सन्डे आब्जर्वर, अमर उजाला, नवभारत टाइम्स, इण्डियन एक्सप्रेस, स्टेट्समेन, पायनीयर आदि शामिल है।

10.4 प्रेस विज्ञपतियां

समीक्षाधीन वर्ष में विभिन्न समाचार पत्रों में व्यवसाय के संबध मे अनेकानेक विज्ञप्तियां व्यापक रूप से प्रकाशित हुईं। पूरे वर्ष मे प्रमुख शैक्षिक समाचार पत्र–सप्लीमेंटों में फाउण्डेशन और इण्टरमीडिएट परीक्षाओ की 'कट–आफ' तारीखो को बहुत अधिक कवरेज मिली। कम्पनी सचिव परीक्षा–परिणाम अखिल भारतीय आधार पर (वर्ष मे दो बार) प्रकाशित हुए। प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया (दूरदर्शन और जैन टीवी) दोनो मीडिया ने बजट प्रस्तुत किए जाने से पहले और बाद मे इंस्टीट्यूट द्वारा बजट संबंधी प्रतिक्रियाओ को प्रकाशित और प्रसारित किया। 20 जुलाई 2000 को इकॉनामिक टाइम्स, फिनाशियल एक्सप्रेस, हिन्दू, आब्जर्वर, नेशनल हेरेल्ड (मुख्य पृष्ठ) पर दैनिक हिन्दुस्तान और अमर उजाला ने 'रिस्ट्रकचरिंग आफ पब्लिक इंटरप्राइजेज' विषय पर एक्जीक्यूटिव डेवलेपमेंट कार्यक्रम को व्यापक रूप से प्रचारित–प्रसारित किया और इसके साथ फोटोग्राफ भी प्रकाशित किए। दूरदर्शन, जैन टीवी और सिटी केबल ने सेमिनार का भी प्रसारण किया। 31 दिसम्बर 2000 और 1 जनवरी 2001 को प्रमुख समाचार पत्रों में कम्पनी (सशोधन) अधिनियम पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को भी व्यापक कवरेज मिली। डीडी–1 और डीडी इंटरनेशनल पर उद्घाटन कार्यवाही का प्रसारण हुआ।

10.5 प्रेस सम्मेलन

अखिल भारतीय प्रेस सम्मेलनो के लिए पूरे वर्ष विभिन्न क्षेत्रीय/शाखा कार्यलयो को प्रचार सामग्री के साथ प्रेस विज्ञप्तिया भेजी जाती रही। कम्पनी सचिवों के 28वें राष्ट्रीय सम्मेलन और 5वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रचार–प्रसार के लिए 7 सितम्बर 2000को एक प्रेस सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रेस सम्मेलन को अध्यक्ष जी ने सम्बोधित किया जिसका प्रचार–प्रसार न केवल कोलकाता मे, अपितु पूरे देश मे हुआ। इस प्रेस सम्मेलन को सिटी केबल और दूरदर्शन ने प्रसारित किया। कोलकाता और नई दिल्ली में प्रिट और इलेक्ट्रानिक दोनो मीडिया में व्यापक प्रचार–प्रसार हुआ। 8 दिसम्बर 2000 को 'बिजनेस स्टेण्डर्ड' (कोलकाता सस्करण) में एक पूरे पृष्ठ का 'न्यूज पेपर सप्लीमेट प्रकाशित किया गया।

10.6 कैरियर मेले

इंस्टीट्यूट ने 2,3 और 4 मार्च 2001 को नई दिल्ली मे आयोजित "कैरियर आप्शंस 2001" मेले मे भाग लिया। यह कैरियर मेला आल इण्डिया मैनेजमेट एसोसिएशन के सेंटर आफ मैनेजमेट सर्विसेज ने आयोजित किया था। इंस्टीट्यूट ने आई सी एस आई स्टाल पर आने वाले लगभग 2500 विद्यार्थियो को सूचना का प्रसार किया, यहां पर कम्पनी सचिव अध्ययन सामग्री, पोस्टरों और सूचनाकारी–पैनलो को

प्रदर्शित किया गया था। कैरियर मेले में आने वाले लोगों ने यहां पर आई सी एस आई कार्पोरेट फिल्म को बड़े उत्साह से देखा, जिसे इस्टीट्यूट ने लगातार तीन दिन तक मेले मे दिखाया था।

10.7 प्रेस साक्षात्कार

विगत की तरह इंस्टीट्यूट ने विद्यार्थी समुदाय के बीच कम्पनी सचिव पाठ्यक्रम की जानकारी देने तथा ट्रेड, उद्योग और कार्पोरेट क्षेत्र में कम्पनी सचिवों के व्यवसाय को और अधिक स्वीकार्यता प्रदान कराने के लिए देश भर में और अधिक जागरूकता पैदा करने का कार्यक्रम जारी रखा। प्रमुख समाचार पत्रों के अनेकानेक सस्करणों में अध्यक्ष और सचिव के प्रमुख प्रेस साक्षात्कार प्रकाशित हुए, जिनमें हिन्दुस्तान टाइम्स, दैनिक हिन्दुस्तान, टाइम्स आफ इण्डिया, इकॉनामिक टाइम्स, बिजनेस स्टैण्डर्ड आदि जैसे समाचार पत्र शामिल है।

10.8 नियोजन

व्यापार प्रबन्धकों और कार्पोरेट विकास योजनाकारों के रूप में कम्पनी सचिवों के नियोजन पर विशेष ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रेस और दूरदर्शन पर साक्षात्कारों का समय–समय पर आयोजन किया गया। प्रेस सम्मेलनों मे इस व्यवसाय की बाजार में और अधिक माग बढाने के लिए कम्पनी सचिवों की उपयोगिता पर कहीं अधिक जोर दिया गया। 22 मई 2000 को नई दिल्ली मै मौके पर ही कम्पनी सचिवों के चयन के लिए एक 'जॉब फेयर' (अर्थात् नियोजन मेला) लगाया गया हैं। इस मेले मे पाच नियोजक सगठनो ने भाग लिया। समुचित नियोजन के लिए सदस्यों के साक्षात्कार हुए। सदस्यों से डाक द्वारा/व्यक्तिशः प्राप्त बायोडाटा का नियमित अद्यतन मानक कम्प्युटरीकृत फार्मेट में किया गया। सदस्यों के बायोडाटा और कम्पनी सचिवों संबंधी रिक्तियो को नियमित रूप से आई सी एस आई वेब साइट पर प्रदर्शित किया गया। वेब साइट समुचित कम्पनी सचिवो की खोज कर रही कम्पनियों को 'आन लाइन' सहायता प्रदान करती है और निःशुल्क सुविधा प्रदान की जाती है। अधिकाश सदस्य और नियोजको ने इस सुविधा को उपयोगी पाया।

नियोजन प्रकोष्ठ ने अनुभव के वर्षों के आधार पर सदस्यो का क्षेत्र–वार डाटा बैंक बनाया है। इस्टीट्यूट ने पूरे वर्ष (1) संभावित नियोजको (2) समाचार विज्ञापनो और (3) नियोजन परमर्शदाताओ से प्राप्त अनुरोधों के जवाब मे रोजगार के लिए पजीकृत सदस्यो के बायोडाटा समुचित नियोजन के लिए उन्हे भेजे जिन सदस्यों ने रोजगार अवसरों के बारे में जानकारी चाही, उन्हें बहुराष्ट्रीय कम्पनियो और निजी क्षेत्र में उपलब्ध रिक्तियों की जानकारी दी गई। नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा प्रायोजित अनेक उपयुक्त सदस्यो को नौकरी मिली।

11. वित्त

11.1 अधिशेष

इस समीक्षाधीन वर्ष मे पिछले 1999–2000 में सामान्य रिजर्व मे अन्तरित की गई व्यय से अधिक आय की अधिशेष राशि 59.20 लाख रूपए थी जबकि इस समीक्षाधीन वर्ष मे यह राशि 43 66 लाख रूपए है।

11.2 रिजर्व

(क) पूजी रिजर्व

31 मार्च 2001 को सदस्यों से प्राप्त प्रवेश शुल्क के पूजी रिजर्व की पूजीकृत राशि 58.18 लाख रुपये थी, जबकि 31 मार्च 2000 को यह राशि 55.12 लाख रुपये थी।

(ख) सामान्य रिजर्व

पिछले वर्ष 31 मार्च 2000 को जो सामान्य रिजर्व 2120.55 लाख रुपये था, वह अब बढ कर 31 मार्च 2001 को 2164.24 लाख रुपये हो गया है।

11.3 सांविधिक लेखा परीक्षक

कम्पनी सचिव अधिनियम 1980 की धारा 18(4) के अनुसरण मे मैसर्स खन्ना एड अन्नाधनम, चार्टर्ड एकाउटेट्स नई दिल्ली को 31 मार्च 2001 को समाप्त वर्ष के लिए इंस्टीट्यूट का सांविधिक लेखा परीक्षक पुनः नियुक्त किया गया। लेखा परीक्षक की रिपोर्ट लेखा विवरण के साथ प्रकाशित की गई है।

12. भूमि और भवन

12.1 आई सी एस आई – ई आई आर सी भवन

3–ए, अहिरीपुकुर, फर्स्ट लेन, कोलकाता–700 019 स्थित आई सी एस आई – ई आई आर सी भवन अक्तूबर 1999 मे खरीदा और कब्जा लिया था। इस भवन को आवश्यक ढग से सुसज्जित करने के बाद पश्चिम बगाल विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री हासिम अब्दुल हाकिम ने 22 दिसम्बर 2000 को इसका उदघाटन किया। लगभग 10,000 वर्ग फुट कवर्ड एरिया वाले इस कार्यालय परिसर को प्राप्त करने के लिए 174.62 लाख रूपए खर्च किए गए।

12.2 नौयडा में नया भवन

सेक्टर 62, फेज–2, नौयडा में आई सी एस आई के नए भवन का निर्माण पूरा हो गया है, जिस पर 160 42 लाख रूपए खर्च हुए

और मुख्यालय ने अपने दो प्रमुख/बड़े विभाग नए परिसर में स्थानांतरित कर दिए हैं जिससे मुख्यालय में जगह की कमी की पूर्ति हुई है। इस भवन के निर्माण के बाद इस्टीट्यूट ने दिल्ली में और आस पास किराए पर लिए सभी तीन कार्यालय परिसरो को खाली कर दिया है। भवन का कुल निर्माण क्षेत्र लगभग 20,000 वर्ग फुट है।

12.3 फरीदाबाद शाखा की भूमि

हुडा द्वारा फरीदाबाद शाखा को आवटित भूखंड का कब्जा लेने के लिए निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं।

13. क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं को पूंजीगत अनुदान और ऋण

इंस्टीट्यूट ने अपनी क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओ को 31 मार्च 2001 तक अपना कार्यालय भवन लेने के लिए जो अनुदान और ऋण दिया है उसका ब्यौरा इस प्रकार है:

(क)	अनुदान	112.34 लाख रुपये
(ख)	ऋण	238.24 लाख रुपये

इंस्टीट्यूट का प्रयास है कि क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं द्वारा अपने काम काज के लिए भवन लेने के प्रयासों मे उनकी सहायता करे और इस संबंध में पूरक राशि दे। कुछ क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं मे अपने कार्यालय स्थल/भवन परियोजनाओं के लिए संसाधन जुटाने के लिए सराहनीय प्रयास किये है। परिषद इन क्षेत्रीय परिषदों/शाखाओं द्वारा किये गए इन प्रयासो की प्रशंसा करती है।

14. कम्पनी सचिव हितकारी निधि (सी एस बी एफ)

सी एस बी एफ के आजीवन सदस्यों की संख्या 31 मार्च 2001 को 3522 थी। पिछले वर्षों मे सदस्यो की संख्या धीरे-धीरे बढ़ती रही है। 31 मार्च 2001 को पूजी रिजर्व 96.64 लाख रुपये और सामान्य रिजर्व 36.34 लाख रुपये था।

15. भवन विकास संसाधन में पहल

15.1 निपुणताओं का उन्नयन

आज के प्रतिस्पर्धी व्यापार विश्व मे सदस्यो, विद्यार्थियो और अन्य ग्राहकों को कुशल सेवाएं प्रदान करना किसी भी शैक्षिक संस्थान के लिए अपना अस्तित्व बनाए रखने और विकास करने के लिए अत्यावश्यक है। आई सी एस आई प्रबधन इस बारे मे पूरी तरह से सचेत है और दृढता से विश्वास करता है कि कार्पोरेट क्षेत्र में विभिन्न खण्डों मे सर्वोकृष्ट प्रकार की व्यावसायिक सेवा प्रदान करने में माइक्रो-स्तर पर मानव ससाधन की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है।

इस बात को ध्यान में रखते हुए सामान्य प्रबंधन, सूचना तकनॉलॉजी, अन्तवैयक्तिक निपुणताओं आदि सहित संगठनात्मक आचरण जैसे प्रबंधन प्रणाली के विभिन्न पहलुओं में मानव ससाधन का विकास करने के लिए सभी सम्भव उपाए किए गए हैं। उनके ज्ञान को उच्च रतरीय बनाने और उन्हे तकनीकी निपुणता प्रदान करने एव तकनॉलॉजी रूप से उन्नयन और अनुकूलन के क्षेत्र में उभरती नई-नई प्रवृत्तियो को समझने के लिए सूचना तकनॉलॉजी क्षेत्र में इन-हाउस प्रशिक्षण देने के अलावा विभिन्न वाह्य संगठनो द्वारा संचालित मानव संसाधन विकास कार्यक्रमों में अधिकारियो और कर्मचारियों को नामित किया है।

15.2 कर्मचारियों के साथ संबंध और कल्याण

अपने सदस्यो, विद्यार्थियों तथा विभिन्न ग्राहको को उत्कृष्ट व्यावसायिक सेवाए उपलब्ध कराने के लिए नियोजक और कर्मचारियो के बीच सौहार्दपूर्ण औद्योगिक सबंध अत्यत आवश्यक है। इसे अत्याधिक आवश्यक मानते हुए आई सी एस आई कर्मचारी सघ से सद्भावनापूर्ण संबध बनाए रखे गए। इसके अलावा आपस में साथी-भावना और पारस्परिक सहमति तथा सहयोग की सस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आई सी एस आई कर्मचारी क्लब आई सी एस आई कर्मचारी बचत और ऋण सोसाइटी और आई सी एस आई हितकारी निधि न विभिन्न गतिविधियों का सचालन किया। इसके फलस्वरूप सभी कर्मचारियो और आई सी एस आई कर्मचारी सघ ने पारस्परिक सहमति की सस्कृति को बढावा देने के और औद्योगिक संबध बनाने में अपना पूरा सहयोग दिया।

16. भावी दृष्टिकोण

एक शताब्दी पूर्व कम्पनी सचिव को एक लिपिक समझ जाता था, तब से लेकर आज वह कार्पोरेट क्षेत्र का सजग प्रहरी, गहन चिंतक और निगरानी कर्ता की वर्तमान स्थिति में पहुंचा है – तब से अब तक की संक्रान्तिकालीन मार्ग बहुत उबड खाबड और कठिन रहा है। इस लम्बी और कठोर यात्रा में पीड़ा और आनन्द दोनो प्रकार के पड़ावो के साथ अत्यत उथल-पुथल के अवसर आते रहे। आज हमारे सदस्यों को कार्पोरेट बोर्डों के सदस्यों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, प्रबंधन निदेशकों, विभागाध्यक्षो और समन्वित कार्पोरेट प्रबन्धकों के रूप में स्वीकृति प्राप्त है, जिसके पीछे प्रशिक्षण, ज्ञान और उन्हें इस क्षेत्र में मिले अवसरों का अभिव्यक्तिकरण शामिल है। आज की तुलना मे आने वाला कल सदैव उज्ज्वल है। व्यावसायिको को आगे बढ़ते रहने के लिए इसी आशा की भावना के साथ निरन्तर कार्यरत रहना होगा। विशेष रूप से आज विश्व भर मे जिस तरह से कार्पोरेट व्यावसायिक को और अन्य व्यापारी उद्यमियों के एकीकरण होने की आशा है, इन परिस्थितियों में कम्पनी सचिवो को इस व्यवसाय के हित मे पूरी तरह से समर्पित होकर कार्य करना होगा। उच्चतम नैतिक मानको और

व्यावसायिक निपुणताओ के प्रदर्शन के इलावा उन्हें सामाजिक रूप म भी जिम्मेदार बनना होगा। चाह कितना ही कानूनी सरक्षण या समर्थन या मान्यता मिल जाए, प्ररन्तु उससे कार्पोरेट व्यावसायिक के रूप में अनिवार्य अग तब तक विशिष्ट रूप से माना नही जाएगा जबतक कि कार्पोरेट और अन्य व्यापारिक सस्थाए उन्हे स्वैच्छिक रूप स मान्यता नही देने लगती हैं। इसके लिए हम सभी का यह कठिन दायित्व है कि हम इस व्यवसाय के प्रेक्टिस करने वाले पक्ष को पर्याप्त रूप से मजबूत करें और इसी से दीर्घावधि में इस व्यवस्था को स्थायी शक्ति मिल सकेगी। विशेष रूप से वरिष्ठ सदस्यो को इस दिशा मे सकारात्मक रूख अपना कर चलना होगा। हम सभी को अपने सामने लक्ष्य और ध्येय स्थापित करने होगे और अपनी शक्ति, कमजोरी, अवसरो और खतरो का मूल्याकन भी करना होगा। आइए, हम सब मिलकर हाथ मिलाए और कल के भविष्य के लिए बेहतर और मजबूत कार्पोरेट क्षेत्र के निर्माण के लिए इस व्यवसाय को सुदृढ़ करें।

17. आभार

परिषद केन्द्रीय सरकार के मत्रालयों और कार्यालयों ओर विशेष रूप से कम्पनी कार्य विभाग ओर भारतीय प्रतिभूति एव विनिमय बोर्ड 'सेबी' तथा अन्य नियामक प्राधिकरणो के प्रति उनके द्वारा इस वर्ष व्यवसाय और इस्टीट्यूट की गतिविधियों के विकास में सहायता व मार्गदर्शन तथा समर्थन प्रदान करने के लिए आभार प्रगट करती है। परिषद विभिन्न राज्य सरकारों वित्तीय/औद्योगिक/निवेश सस्थानों/सामान्य रूप से कार्पोरेट क्षेत्र और देश में विभिन्न चैम्बर्स ऑफ कामर्स और ट्रेड एसोसिएशना तथा अन्य एजसियों के प्रति भी आभार प्रगट करती है, जिन्होंने इस्टीट्यूट के सदस्यों की सेवायें लेने और इनकी विशेषज्ञता को मान्यता प्रदान करने में लगातार रूचि की है।

परिषद इस्टीट्यूट के सचिवीय मानक बोर्ड और कोर ग्रुपों के प्रति भी अपना गहन आभार प्रगट करती है। परिषद, क्षत्रीय परिषद ओर इनकी शाखाओ जिनमें सेटेलाइट शाखाए भी शामिल है, द्वारा पूरे हृदय से प्रदान की गई सहायता और सहयोग के लिए तथा इस्टीटयूट के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की भी अपनी आर से अत्यधिक सराहना करती है, जिन्होंने बडी निष्ठा और कर्तव्य की भावना से काम किया।

परिषद की ओर से
डॉ. पी. वी. एस. जगन मोहन राव, अध्यक्ष

नई दिल्ली
तारीख : 30.08.2001

[विज्ञापन सं. 3/4/121/2001/असाधा.]

परिशिष्ट 'क'

व्यावसायिक विकास और अनवरत शिक्षा कार्यक्रम
(मद सं. 2.6 का अनुबन्ध)

1. 1 अप्रैल 2000 को नई दिल्ली में ई आर ई डी सी आई, नोएडा के साथ संयुक्त रूप से 'उद्यम संसाधन योजना' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम।
2. 19–20 अप्रैल 2000 को हैदराबाद में डी पी ई के साथ सयुक्त रूप से 'सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की पुनर्सरचना–मुद्दे, सुधार और परिप्रेक्ष्य' विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यकारी विकास कार्यक्रम।
3. 10 जून, 2000 को नई दिल्ली में 'व्युत्पत्ति' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम।
4. 24 जून 2000 को हैदराबाद में 'सेबी (प्रगटन और निवेश सरक्षण) मार्गनिर्देश, 2000 पर आयोजित संगोष्ठी।
5. 29–30 जून, 2000 को नई दिल्ली में ओरियण्टल स्टाफ ट्रेनिंग कालेज, फरीदाबाद के साथ सयुक्त रूप से 'जोखिम प्रबधन और बीमा' विषय पर आयोजित दो दिवसीय भागीदारी प्रमाण पत्र कार्यक्रम।
6. 19–20 जून, 2000 को नई दिल्ली में डी पी ई के साथ संयुक्त रूप से 'सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की पुनर्सरचना–मुद्दे, सुधार और परिप्रेक्ष्य' विषय पर आयोजित दो विदसीय कार्यकारी विकास कार्यक्रम।
7. 23 अगस्त, 2000 को बंगलौर में 'कार्पोरेट और आर्थिक विधियों के अद्यतन' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी।
8. 11 अक्तूबर, 2000 को नई दिल्ली में 'स्कोप' के साथ सयुक्त रूपसे 'ई–कामर्स' विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम।
9. 29 दिसम्बर, 2000 को टेलीकाफ्रेंस के माध्यम से अहमदाबाद, बगलौर, कोलकाता, हैदराबाद, पुणे और नई दिल्ली में 'बीमा' विषय पर कार्यक्रम।
10. 30 दिसम्बर, 2000 को नई दिल्ली में कम्पनी (संशोधन) अधिनियम, 2000 विषय पर राष्ट्रीय सगोष्ठी।

परिशिष्ट 'ख'

समितियां, विशेष समूह और सलाहकार बोर्ड
(मद सं. 3.3 का अनुबन्ध)

स्थायी समितियां

1. अनुशासन समिति

डॉ0 पी.वी.एस. जगन मोहन राव, अध्यक्ष	चेयरमैन
ए. रामास्वामी	सदस्य
हरीश के वैद	सदस्य

2 परीक्षा समिति

एस गगोपाध्याय, उपाध्यक्ष	चेयरमैन
गिरीश आहूजा	सदस्य
केयूर एम बख्शी	सदस्य

3. कार्यकारी समिति

डॉ0 पी.वी.एस. जगन मोहन राव, अध्यक्ष	चेयरमैन
एस गगोपाध्याय, उपाध्यक्ष	सदस्य
ए रामारवामी	सदस्य
आर. नारायणन	सदस्य
पवन कुमार विजय	सदस्य

अन्य समितियां

4. व्यावसायिक विकास समिति

डॉ0 पी.वी.एस. जगन मोहन राव, अध्यक्ष	चेयरमैन
हेमन्त आई भट्ट	सदस्य
एच एम चोराडिया	सदस्य
जी गेहानी	सदस्य
आर रवि	सदस्य
वी श्रीधरन	सदस्य
हरीश के वैद	सदस्य

5. प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों की समिति

वी श्रीधरन	चेयरमैन
महश ए अठावले	सदरय
केयूर एम. बख्शी	सदस्य
हेमत आई भट्ट	सदस्य
एच एम चोराडिया	सदस्य
हरीश के वैद	सदस्य

6. प्रशिक्षण तथा शिक्षण सुविधा समिति

एस गगोपाध्याय, उपाध्यक्ष	चेयरमैन
महश ए अठावले	सदस्य
हेमत आई भट्ट	सदस्य
एच एम कोराडिया	सदस्य
जी गेहानी	सदस्य
आर रवि	सदस्य
पवन कुमार विजय	सदस्य

7. विनियम समिति

डॉ0 पी.वी.एस. जगन मोहन राव, अध्यक्ष	चेयरमैन
आर नारायणन	सदस्य
पल्लवी शर्राफ (श्रीमती)	सदस्य
हरीश के वैद	सदस्य

8. समन्वय समिति

डॉ0 पी.वी.एस. जगन मोहन राव, अध्यक्ष	चेयरमैन
एस. गंगोपाध्याय	सदस्य
गिरीश आहूजा	सदस्य
यामल अश्विन कुमार व्यास	सदस्य

9. प्रकाशन समिति

यामल अश्विन कुमार व्यास	चेयरमैन
महेश के अठावले	सदस्य
पल्लवी शर्राफ (श्रीमती)	सदस्य

10. पी एम क्यू पाठ्यक्रम समिति

एस गगोपाध्याय, उपाध्यक्ष	चेयरमैन
गिरीश आहूजा	सदस्य
केयूर एम. बख्शी	सदस्य

11. नियोजन समिति

हरीश के वैद	चेयरमैन
जी. गेहानी	सदस्य
आर. रवि	सदस्य

12. सी सी आर टी प्रबंधन समिति

डॉ0 पी.वी.एस जगन मोहन राव, अध्यक्ष	चेयरमैन
एस.गगोपाध्याय, उपाध्यक्ष	सदस्य
ए. रामास्वामी	सदस्य
आर. नारायणन	सदस्य
पवन कुमार विजय	सदस्य
केयूर एम0 बख्शी	सदस्य

13. कम्प्यूटर समिति

पवन कुमार विजय	चेयरमैन
केयूर एम बख्शी	सदस्य
यामल अश्विन कुमार व्यास	सदस्य

14. अनुसंधान

डॉ0 पी.वी.एस. जगन मोहन राव, अध्यक्ष	चेयरमैन
पल्लवी शर्राफ (श्रीमती)	सदस्य
वी. श्रीधरन	सदस्य
यामल अश्विन कुमार व्यास	सदस्य

15. संपादकीय सलाहकार बोर्ड

एस बालासुब्रह्मण्यन	चेयरमैन
बी.एस भण्डारी	सदस्य
वी के. भसीन	सदस्य
जी.आर. भाटिया	सदस्य
बी डी विश्नोई	सदस्य
रेणु बुद्धिराजा	सदस्य
जी. गेहानी	सदस्य
बलबीर कौर	सदस्य
यू.सी. नाहटा	सदस्य
प्रो0 आर.एस. निगम	सदस्य
कल्याण एम रायपुरिया	सदस्य
टी.आर. रूस्तगी	सदस्य
यू.के सिन्हा	सदस्य
डॉ0 एस.पी. नारग	संपादक और प्रकाशक

परिशिष्ट (ग)

वर्ष 2000–2001 के दौरान आयोजित
परीक्षा (मद सं. 8.1 का अनुबन्ध)

1 आगरा	2 अहमदाबाद	3 इलाहाबाद	4 अम्बाला शहर	5 बंगलौर	6 बड़ौदा
7 भोपाल	8 भुवनेश्वर	9 चण्डीगढ	10 चेन्नई	11 कोयंबटूर	12 दिल्ली (पूर्व)
13 दिल्ली (उत्तर)	14 दिल्ली (दक्षिण)	15 दिल्ली (पश्चिम)	16 एरनाकुलम	17 गाजियाबाद	18 गुवाहाटी
19 हैदराबाद	20 इन्दौर	21 जयपुर	22 जम्मू	23 जमशेदपुर	24 जोधपुर
25 कानपुर	26 कोलकाता	27 लखनऊ	28 लुधियाना	29 मदुरई	30 मंगलौर
31 मेरठ	32 मुंबई (सीजी)	33 मुंबई (जीकेटी)	34 मुंबई (जेओजी)	35 मैसूर	36 नागपुर
37 नौयडा	38 पणजी	39 पटना	40 पाण्डिचेरी	41 पुणे	42 रायपुर
43 राजकोट	44 रांची	45 शिमला	46 तिरूवनंतपुरम	47 त्रिचुरापल्ली	48 उदयपुर
49 विजयवाडा	50 विशाखापत्तनम	51 यमुना नगर	52 विदेशी–केन्द्र: दुबई		

परिशिष्ट 'घ'

परीक्षा परिणामों के आंकड़े
(मद सं. 8.1 का अनुबन्ध)
जून 2000 का सत्र

परीक्षा–स्तर	परीक्षार्थियों की संख्या			उत्तीर्ण प्रतिशत
	नामांकित	बैठे	उत्तीर्ण	
फाउंडेशन	6136	4934	1515	30.71
इंटरमीडिएट*				
ग्रुप–1	13874	9040	1322	14 62
ग्रुप–2	13477	8798	1527	17.36
फाइनल**				
ग्रुप–1	3773	2735	709	25.92
ग्रुप–2	4898	3528	716	20.29

* इण्टरमीडिएट के दोनो ग्रुपों मे 2133 परीक्षार्थी बैठे, जिनमे से दोनो ग्रुपों में 115 परीक्षार्थियो ने परीक्षा पास की (7 27 प्रतिशत)।
** फाइनल के दोनो ग्रुपों मे 844 परीक्षार्थी बैठे जिनमें से दोनों ग्रुपो में कुल 91 परीक्षार्थियों ने परीक्षा पास की (10.78 प्रतिशत)।

दिसम्बर 2000 सत्र

परीक्षा–स्तर	परीक्षार्थियो की संख्या			उत्तीर्ण प्रतिशत
	नामाकित	बैठे	उत्तीर्ण	
फाउंडेशन	4356	3547	837	23.60
इंटरमीडिएट*				
ग्रुप–1	12640	7967	1137	14.27
ग्रुप–2	11508	7380	1008	13.66
फाइनल**				
ग्रुप–1	4253	3098	1145	36 96
ग्रुप–2	5273	3766	716	19 01

* इंटरमीडिएट के दोनों ग्रुपो में 2048 परीक्षार्थी बैठे, जिनमें से दोनो ग्रुपों मे कुल 116 परीक्षार्थियों ने परीक्षा पास की (5.66 प्रतिशत)।
** फाइनल के दोनों ग्रुपो में 939 परीक्षार्थी बैठे जिनमे से दोनो ग्रुपों मे कुल 130 परीक्षार्थियों ने परीक्षा पास की (13 84 प्रतिशत)।

परिशिष्ट 'ङ'

पश्च–सदस्यता अर्हता परीक्षा का परिणाम
(बिन्दु सं. 8.2 का अनुबन्ध)
जून 2000 सत्र

परीक्षा–स्तर	परीक्षार्थियों की संख्या			उत्तीर्ण प्रतिशत
	नामांकित	बैठे	उत्तीर्ण	
पीएमक्यू–ग्रुप–1	15	4	0	0.00
पीएमक्यू–ग्रुप–2	09	4	0	0 00

● दोनो ग्रुपों मे 5 परीक्षार्थियो के नाम अंकित किए गए, जिनमे से कोई परीक्षार्थी दोनो ग्रुपों मे नही बैठा।

दिसम्बर 2000 सत्र

परीक्षा–स्तर	परीक्षार्थियों की संख्या			उत्तीर्ण प्रतिशत
	नामांकित	बैठे	उत्तीर्ण	
पीएमक्यू–ग्रुप–1	12	4	0	0.00
पीएमक्यू–ग्रुप–2	03	1	0	0 00

● दोनो ग्रुपो में 3 परीक्षार्थियों के नाम अंकित किए गए, जिनमें से 1 परीक्षार्थी दोनों ग्रुपों में बैठा।

खन्ना एंड अन्नाधनम
चार्टर्ड एकाउण्टेंट्स

3/7–बी, आसफ अली रोड,
नई दिल्ली – 110 002

लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

हमने इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के 31 मार्च 2001 के संलग्न तुलन पत्र तथा इसके साथ संलग्न उसी तारीख को समाप्त वर्ष के आय और व्यय लेखे का परीक्षण भी किया है और हमारी रिपोर्ट इस प्रकार है:

(क) हमें वह सभी सूचना और स्पष्टीकरण प्राप्त हो गए, जो हमें अपेक्षित जानकारी और विश्वास के अनुसार लेखापरीक्षा के प्रयोजन के लिए प्राप्त करने आवश्यक थे।

(ख) रिपोर्ट का संदर्भाधीन तुलन पत्र और आय एवं व्यय लेखे रखी गई लेखा पुस्तकों और रिकार्डों से मेल खाते हैं।

(ग) जिस हद तक आदेशात्मक लेखांकन मानकों का अनुपालन लागू होता है, तदनुसार तुलन पत्र और आय एवं व्यय लेखे तैयार किए गए हैं।

(घ) हमारी राय में और जहा तक हमारी जानकारी है तथा प्रस्तुत किये गये स्पष्टीकरणों के अनुसार वित्तीय विवरण इनके साथ दी गई टिप्पणियों और लेखांकन नीतियों के पढ़ने पर निम्नलिखित के बारे में लेखे सही और पर्याप्त स्पष्ट स्थिति प्रगट करते है:

(1) इंस्टीट्यूट के मामले से संबंधित 31 मार्च, 2001 को समाप्त अवधि के तुलन पत्र के बारे में स्थिति।

(2) उपर्युक्त तारीख को समाप्त वर्ष के आय व व्यय लेखे में अधिशेष से संबंधित स्थिति

कृते खन्ना एंड अन्नाधनम
चार्टर्ड एकाउंटेट्स

(के ए बालासुब्रह्मण्यन)
पार्टनर

स्थान : नई दिल्ली

तारीख : 30.08.2001

दि इस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज आफ इण्डिया, नई दिल्ली
तुलन पत्र

विवरण	अनुसूची	31 मार्च को समाप्त वर्ष की स्थिति		
			2001	2000
निधि का स्रोत		रूपए	रूप्ए	रूप्ए
पूजी रिजर्व	1		5,818,270	5,511,870
सामान्य रिजर्व	2		216,423,643	212,054,663
वैज्ञानिक अनुसधान रिजर्व	3		–	–
चिकित्सा व्यय निधि	4		–	–
योग			222,241,913	217,566,533
निधि का प्रयोग				
स्थायी परिसम्पत्तियां	5			
सकल ब्लाक		146,362,798		124,695,964
घटाए: मूल्य ह्रास		40,884,920		31,993,056
निवल ब्लाक		105,477,878		92,702,908
जोड़े भूमि क्रय/निर्माणाधीन भवन के लिए पेशगी		1,295,878		16,401,132
			106,773,756	109,104,040
निवेश	6		111,329,474	94,345,632
चालू परिसपत्तिया, ऋण और पेशगी				
चालू परिसपत्तिया	7			
निवेश पर बना ब्याज		6,4443,697		7,223,744
हस्तगत स्टाक		4,632,497		5,308,577
विविध देनदार		787,505		777,495
नकदी और बैक शेष		30,638,429		40,331,763
		42,502,128		53,641,579
ऋण और पेशगियां	8	23,083,947		26,125,724
		65,586,075		79,767,303
घटाये चालू देयताये और प्रावधान	9			
देयताए		29,134,095		33,618,522
प्रावधान		32,313,297		32,031,920
		61,447,392		65,650,442
निवल चालू परिसम्पत्तिया			4,138,683	14,116,861
योग			222,241,913	217,566,533
लेखांकन नीतियां और वित्तीय विवरण पर टिप्पणियां	15			

इसी तारीख की हमारी रिपोर्ट के अनुसार
खन्ना एड अन्नाधनम
चार्टर्ड एकाउटेंट्स
ह0
(के ए बालासुब्रहमण्यन)
पार्टनर
स्थान नई दिल्ली
तारीख 30.08.2001

कृते और परिषद् की ओर से

(डॉ सी.पी. नारंग) सचिव
(एस. गंगोपाध्याय) उपाध्यक्ष
(डॉ. पी.वी.एस. जगन मोहन राव) अध्यक्ष

दि इस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज़ आफ इण्डिया, नई दिल्ली

आय तथा व्यय लेखा

विवरण		अनुसूची	31 मार्च को समाप्त वर्ष की स्थिति	
			2001	2000
आय			रूपए	रूपए
विद्यार्थियो तथा सदस्यो से शुल्क		10	79,258,745	88,392,295
प्रकाशनों की बिक्री			7,813,993	8,004,841
जर्नल/बुलेटिन का चन्दा और विज्ञापन			2,844,849	2,189,899
निवेश पर ब्याज (सकल)				
(स्रोत पर काटा गया कुल ब्याज–शून्य)			17,500,288	18,563,572
कार्यक्रमों से आय			3,226,250	4,346,741
वैज्ञानिक अनुसधान गतिविधिया (सीसीआरटी)			7,312,710	2,261,624
प्रावधान करने की आवश्यकता नहीं, बट्टे खाते डाले			5,029,108	653,421
अन्य		11	740,037	846,121
योग			**123,725,980**	**125,258,514**
व्यय				
स्थापना	*	12	37,976,665	36,951,162
डाक शिक्षण			7,194,740	9,146,654
प्रकाशन और कार्यालय स्टेशनरी	*		2,951,230	2,551,131
जर्नल और बुलेटिन			6,934,609	6,821,820
